आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-100 कटनी ● गुरुवार, 13 मई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख शुक्ल पक्ष -2 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

### अक्षय तृतीया 2021 पर पूजा का शुभ मुहूर्त



अक्षय तृतीया को अखा तीज पर्व के नाम से भी जाना जाता है। इस वर्ष अक्षय तृतीया पर्व 14 मई 2021 दिन शुक्रवार को है। अखा तीज के दिन ही भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव भी मनाया जाता है। इस वर्ष तो अक्षय तृतीया शुक्रवार को है, इसलिए भगवान विष्णु की पूजा से माता लक्ष्मी का भी आर्शीवाद प्राप्त होगा। अक्षय तृतीयापर पूजा का शुभ मुहूर्त14 मई को सुबह 05.38 मिनट से दोपहर 12.18 मिनट के मध्य तक अक्षय तृतीया की पूजा कर लेना चाहिए।

### 21 दिन रहें पूरी सावधानी के संग



यदि आप कोरोना महामारी को हरा चुके हैं तो अब आपको 21 दिन तक अतिरिक्त सावधानी रखने की आवश्यकता है। कोरोना से जंग जीतने के बाद अति उत्साह में न आएं, क्योंकि देखने में आ रहा है कि कई लोग कोरोना हराने के बाद जिंदगी की जंग हार चुके हैं। विशेषज्ञों की मानें तो पोस्ट कोविड व्यक्ति के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। ऐसे में कई बार उसे अन्य बीमारियां घेर सकती हैं।

## सरकारी पैनल की सिफारिश

# कोविशील्ड की दूसरी डोज 4 माह बाद लें

### कोरोना मरीज ठीक होने के 6 माह बाद ही लगवाएं टीका, गर्भवती भी लगवाएं वैक्सीन

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस की दूसरी लहर के बीच तेजी से कोविड टीकाकरण किए जाने की कवायद जारी है। कोरोना संक्रमित मरीजों को वैक्सीन की डोज कब लेनी चाहिए और गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाएं कब कोविड टीका लगवा सकती हैं? ऐसे कई सवाल अक्सर लोगों के मन में उठते हैं। सरकारी पैनल ने गुरुवार को इन सवालों के जवाब देते हुए सिफारिश की है कि कोरोना संक्रमित मरीजों को ठीक होने के 6 महीने बाद ही वैक्सीन की पहली डोज लेनी चाहिए। सूत्रों के मुताबिक, सरकार के राष्ट्रीय टीकाकरण तकनीकी सलाहकार समूह (एनटीएजीआई) ने कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड की दोनों खुराकों के बीच अंतर बढ़ाकर 12-16 हफ्ते यानी करीब 4 महीने करने की सिफारिश की है। हालांकि, कोवैक्सिन की खुराकों के लिए बदलाव की



अनुशंसा नहीं की गई है। बता दें कि वर्तमान में कोविशील्ड टीके की दो खुराकें 4-8 हफ्ते के अंतराल पर दी जाती हैं। सरकारी पैनल ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को कोविड-19 का कोई भी टीका लगवाने का विकल्प दिया जा सकता है और स्तनपान करवाने वाली महिलाएं बच्चे को जन्म देने के बाद किसी भी समय टीका लगवा सकती हैं। सूत्रों के मुताबिक, एनटीएजीआई ने यह भी कहा है कि जो लोग कोविड-19 से पीड़ित रह चुके हैं और जांच में उनके सार्स-सीओवी-2 से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है, उन लोगों को स्वस्थ होने के बाद छह महीने तक टीकाकरण नहीं करवाना चाहिए। सरकारी पैनल की इस सिफारिश को कुछ लोग वैक्सीन की किल्लत से भी जोड़कर देख सकते हैं। वैक्सीन की कमी के चलते महाराष्ट्र, दिल्ली समेत कई राज्यों में बीते कुछ दिनों से टीकाकरण प्रभावित हुआ है। कहा जा रहा है कि देश में कोरोना वैक्सीन की कमी को देखते हुए सरकारी पैनल ने कोविशील्ड की दोनों खुराकों के बीच अंतराल बढ़ाने की सिफारिश की है।

## राहत भरी खबर

### कोरोना से अनाथ बच्चों को पांच हजार प्रति माह व निःशुल्क शिक्षा देगी सरकार



**पटना।** कोरोना संकट के बीच मध्यप्रदेश सरकार महामारी की मार झेल रहे बेसहारा और निराश्रित परिवारों को मदद करने की योजना तैयार की है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि कोरोनाकाल में ऐसे बच्चे जिनके परिवार से पिता का साया उठ गया है, कोई कमाने वाला नहीं है, ऐसे परिवारों को 5,000 रुपये प्रति माह पेंशन दी जाएगी। साथ ही ऐसे बच्चों को निशुल्क शिक्षा मुहैया कराई जाएगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि महामारी के दौरान जिन परिवारों में अभिभावक या संरक्षक की मृत्यु हो गई है, उन्हें सरकार की ओर से मुफ्त राशन भी दिया जाएगा। इसके अलावा ऐसे परिवारों को सरकार की गारंटी पर बिना ब्याज के ऋण भी उपलब्ध कराया जाएगा। अगर वह काम करना चाहते हैं। बता दें कि मध्यप्रदेश में कोरोना की दूसरी लहर कहर बनकर टूट रही है। प्रतिदिन 8 हजार से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। प्रदेश में 25 दिन बाद कोरोना महामारी में गिरावट दर्ज की गई है।

## क्विक अपडेट




### आईसीसी अपडेट में भारत का पहला स्थान बरकरार

**नई दिल्ली।** आईसीसी टेस्ट टीम रैंकिंग का वार्षिक अपडेट जारी होने पर भारत पहले स्थान पर बना हुआ है। हालांकि न्यूजीलैंड भी दूसरे स्थान पर बरकरार है। गुरुवार को जारी की गई रैंकिंग में इस बात का खुलासा हुआ। भारत एक रेटिंग अंक समेत कुल 121 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके 24 मैचों में 2914 अंक रहे। वहीं विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में भारत के खिलाफ खेलने जा रही न्यूजीलैंड के 120 अंक है। उसके 18 टेस्ट में दो रेटिंग अंक समेत कुल 2166 अंक हैं। भारत ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया को 2 . 1 और इंग्लैंड को 3 . 1 से हराया। इसके अलावा न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज और पाकिस्तान को 2 . 0 से मात दी।

### कई राज्यों में आज तेज आंधी के साथ बारिश के आसार

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के कई हिस्सों में बीते दो दिनों से भारी बारिश जारी है। कई जगहों पर बारिश के साथ-साथ ओले भी गिरने की खबर है। अगले दो से तीन दिन और आंधी के साथ बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने आज यानी 13 मई को पंजाब , हरियाणा और चंडीगढ़ समेत दिल्ली, एनसीआर में भी भारी बारिश की संभावना जताई है। देश की राजधानी में बारिश होने से लोगों को भीषण गर्मी से निजात मिलेगी। गुरुवार को सुबह से ही मौसम सुहाना बना हुआ है। लोगों को गर्मी से राहत मिली है। पंजाब और आसपास के हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। पूर्व-पश्चिम चक्रवाती तूफान से उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के निचले इलाकों में भी पानी गिरने का अनुमान है।

### दिल्ली से छतरपुर आ रही बस पलटी, 24 यात्री घायल

**छतरपुर, महोबा।** दिल्ली से यात्रियों को लेकर छतरपुर आ रही प्राइवेट बस गुरुवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे उत्तर प्रदेश के महोबा के अजनर थाना क्षेत्र के खैराली तिगैला के पास पलट गई। दुर्घटना के बाद ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और यात्रियों को बस से बाहर निकाला। हादसे में 24 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से ज्यादातर मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं।

## 525 वालेंटियर को लगेगा टीका

# 2-18 आयु वर्ग में COVAXIN के क्लीनिकल ट्रायल को मंजूरी



नई दिल्ली। ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने 2-18 आयु वर्ग में दूसरे और तीसरे चरण के क्लीनिकल ट्रायल को मंजूरी दे दिया है। भारत बायोटेक 525 स्वस्थ स्वयंसेवकों पर ट्रायल करेगा। गौरतलब है कि देश में बढ़ते कोरोना संक्रमण के बीच अब कोरोनावायरस की तीसरी लहर की भी आशंका जताई जा रही है। कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर में बच्चों पर अधिक खतरा हो सकता है, ऐसे में भारत बायोटेक कंपनी ने अपनी कोरोनारोधी वैक्सीन कोवैक्सीन का दो से 18 साल के बच्चों पर जल्द ही दूसरे और तीसरे चरण का क्लीनिकल ट्रायल शुरू करने वाली है। ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने 2-18 आयु वर्ग में के दूसरे और तीसरे चरण के क्लीनिकल ट्रायल को मंजूरी दे दिया है। भारत बायोटेक 525 स्वस्थ स्वयंसेवकों पर ट्रायल करेगा दूसरे और तीसरे चरण के ट्रायल को मंजूरी देने के साथ ही यह शर्त भी रखी है कि भारत बायोटेक तीसरे चरण का क्लीनिकल ट्रायल शुरू करने से पहले दूसरे चरण के सुरक्षा संबंधी अंतरिम डाटा मुहैया कराएगी। आपको बता दें कि भारत बायोटेक ने भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के साथ मिलकर कोवैक्सीन को तैयार किया है। कंपनी इसका उत्पादन और विपणन भी कर रही है।

# सांसों का संकट, दम तोड़ता सिस्टम

### देश में ऑक्सीजन की कमी से मची त्राहि-त्राहि, संजीवनी न मिलने से अब तक 150 की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस की दूसरी लहर के प्रकोप के बीच ऑक्सीजन की किल्लत से हाहाकार मचा हुआ है। सैकड़ों मरीजों ने ऑक्सीजन के अभाव में तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। भारत सरकार मरीजों की जान बचाने के लिए ऑक्सीजन संयंत्र लगाने और विदेश से आयात करने तक हर संभव कदम उठा रही है। इसके बावजूद सांसों का संकट बना हुआ है। ऑक्सीजन की कमी से दिल्ली, महाराष्ट्र और गोवा समेत देश के कई राज्यों में अब तक 150 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

#### गोवा में 26 मरीजों की गई जान


गोवा के सबसे बड़े कोविड केयर सेंटर गोवा मेडिकल कॉलेज व अस्पताल (जीएमसीएच) में सोमवार और मंगलवार की दरम्यानी रात को 4 घंटे मे 26 कोरोना मरीजों की मौत हो गई। इसे लेकर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने ही सरकार पर सवाल खड़े कर दिए हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे ने हाईकोर्ट द्वारा जांच की मांग करते हुए कहा कि ये मौतें ऑक्सीजन की कमी के चलते हो सकती हैं।

#### आंध्र प्रदेश में 11 की सांसें थमी

आंध्र प्रदेश के तिरुपति शहर में 10 मई को रुइया सरकारी अस्पताल में ऑक्सीजन सप्लाई में प्रेशर की कमी से 11 मरीजों की मौत हो गई। ये सभी मरीज वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे।

#### कर्नाटक में 24 ने तोड़ा दम

कर्नाटक के चामराजनगर में 3 मई को



ऑक्सीजन की कमी के चलते 24 से ज्यादा मरीजों की मौत हो गई। इनमें 23 कोरोना संक्रमित और एक अन्य बीमारी से पीड़ित मरीज शामिल हैं।

#### तेलंगाना में सात की गई जान

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के एक सरकारी अस्पताल में 10 मई को ऑक्सीजन की कमी के चलते सात मरीजों की मौत हो गई।ऑक्सीजन की नई खेप लाने निकला ड्राइवर रास्ता भटक गया और उसके इंतजार में सात मरीजों ने दम तोड़ दिया।

#### राजधानी में 60 से ज्यादा का घुटा दम

दिल्ली के जयपुर गोल्डन अस्पताल में 23 अप्रैल को ऑक्सीजन की कमी से 25 मरीजों की मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने मौत के पीछे ऑक्सीजन प्रेशर में कमी को कारण बताया था। दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में 23 अप्रैल को वक्त पर ऑक्सीजन नहीं मिल पाने की वजह से 25 मरीजों की मौत हो गई। बत्रा अस्पताल में 12 कोरोना मरीजों की मौत हो गई।

#### नासिक में 22 लोगों की मौत

महाराष्ट्र के नासिक में 21 अप्रैल को डॉक्टर जाकिर हुसैन अस्पताल में ऑक्सीजन न मिलने के कारण 22 मरीजों की मौत हो गई क्योंकि ऑक्सीजन लीक हो गई थी। पालघर जिले के वसई में ऑक्सीजन की कमी के कारण 13 अप्रैल को कम से कम 10 मरीजों की मौत हो गई।

## एक दिन में 3,62,727 नए केस सामने आए

# देश में फिर बढ़े नए मरीज

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मामलों में एक बार फिर बढ़ोतरी देखी गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार सुबह देशभर के बीते 24 घंटों के आंकड़े जारी किए हैं, जिनके मुताबिक, देश में एक दिन में 3,62,727 नए केस सामने आए हैं। इससे एक दिन पहले 3.52 लाख और उससे एक दिन पहले 3.48 लाख केस सामने आए थे। बहरहाल, बीते 24 घंटों में 3,52,181 मरीज डिस्चार्ज हुए हैं जबकि मृतक संख्या 4,120 पहुंच गई है। इस तरह देश में कोरोना के कुल मरीजों की संख्या 2,37,03,665 पहुंच गई है। इनमें से 1,97,34,823 मरीज कोरोना को मात दे चुके हैं। अब तक देश में कुल 2,58,317 लोगों की जान जा चुकी है। अभी 37,10,525 एक्टिव केस हैं जबकि 17,72,14,256 लोगों को टीका लगाया जा चुका है।



#### दिल्ली में हालात सुधरे, दूसरी लहर की पीक खत्म दावा?

क्या दिल्ली में कोरोना की दूसरी लहर अपने चरम यानी पीक पर पहुंच चुकी है और आगे से मरीजों में कमी आएगी? राजधानी में कोरोना के सुधरते हालात के बीच यह दावा किया जा रहा है। राजधानी के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन भी कह चुके हैं कि लग रहा है दूसरी लहर की पीक अब धीरे धीरे कम हो रही है। पॉजिटिविटी दर 36 प्रतिशतसे घटकर 19 फीसद के करीब आ गई है। राष्ट्रीय राजधानी में नए मामले 15 हजार से नीचे बने हुए हैं, हालांकि दैनिक मौतों का आंकड़ा तीन सौ या उसके आसपास बना हुआ है।



### महाराष्ट्र में 1 जून तक बढ़ा लॉकडाउन

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए 1 जून तक लॉकडाउन बढ़ा दिया है। साथ ही राज्य में आने वाले लोगों को आरटीपीसीआर की निगेटिव रिपोर्ट ले जानी होगी। सरकार ने यह फैसला कोरोना संक्रमण के मामलों में कमी नहीं होने पर लिया है। गौरतलब है कि राज्य में कोरोना के नए मामले पिछले एक सप्ताह में कम हुए थे, लेकिन बुधवार को अचानक से मरीजों की संख्या बढ़ गई। बीते 24 घंटे में 46,781 लोगों में कोरोना संक्रमण कि पुष्टि हुई है।

# १७ मई के बाद भी बंदिश

### मध्यप्रदेश के सीएम की दो टूक-जहां संक्रमण की दर पांच प्रतिशत से अधिक रहेगी, वहां न तो कर्फ्यू हटेगा और न ही धीरे-धीरे खोला जाएगा

**भोपाल।** प्रदेश के जिन जिलों में 17 मई तक कोरोना संक्रमण (पॉजिटिविटी) दर पांच प्रतिशत से कम होगी, वहां कर्फ्यू हटाना शुरू हो जाएगा। कर्फ्यू एक दम से नहीं बल्कि वैज्ञानिक तरीके से धीरे-धीरे हटाया जाएगा ताकि फिर कोई दिक्कत न हो जाए। जहां संक्रमण की दर पांच प्रतिशत से अधिक रहेगी, वहां न तो कर्फ्यू हटेगा और न ही धीरे-धीरे खोला जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने ब्लैक फंगस बीमारी की जानकारी देते हुए कहा कि इसको लेकर काफी चर्चा हो रही है पर चिंता न करें। इसका भी इलाज संभव है पर देर नहीं करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मापदंड कहते हैं कि जहां संक्रमण की दर पांच फीसद से कम होती है, वहां महामारी पर नियंत्रण पा लिया। इसके मद्देनजर यह तय किया है कि जिन जिलों में 17 मई तक यह दर पांच प्रतिशत से कम आ जाएगी, वहां धीरे-धीरे कर्फ्यू हटाना शुरू कर देंगे। जिलों में एकदम से सब-कुछ नहीं खोला जाएगा। अपने लिए, अपनों के लिए और प्रदेश के लिए कोरोना कर्फ्यू का कड़ाई से पालन करें।

## अनुपम खेर का मोदी सरकार पर निशाना



**मुंबई।** देशभर में कोरोना की दूसरी लहर काल बनकर आई है। रोजाना लाखों लोग इससे संक्रमित हो रहे हैं वहीं हजारों जान गंवा रहे हैं। ऐसे में बॉलीवुड की कई जानी-मानी हस्तियां अपने-अपने स्तर पर देश की मदद करने के लिए योगदान दे रही हैं। वहीं बीते दिनों दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर भी इसी सूची में शामिल हुए थे। उन्होंने महामारी से निपटने के लिए चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति करने के लिए प्रोजेक्ट हील इंडिया की शुरुआत की थी। लेकिन इस बार अनुपम इस प्रोजेक्ट नहीं बल्कि दूसरी वजह से लाइमलाइट का हिस्सा बने हैं। अनुपम ने केंद्रीय सरकार पर निशाना साधा है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अनुपम ने कहा कि इस महामारी की वजह से देश में जो हालात पैदा हो गए हैं उसके लिए अब सरकार को जिम्मेदार ठहराना आवश्यक है और ऐसा करना अब वैध नजर आता है। काफी हद तक लोग उनका समर्थन भी कर रहे हैं।

## 20 मई को पीएम मोदी करेंगे कलेक्टर्स से बात



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस की दूसरी लहर की तबाही जारी है। कोरोना प्रभावित 20 अधिक राज्यों में लॉकडाउन जैसी पाबंदियां जारी हैं, इसके बावजूद कोरोना से मरने वालों की संख्या में वृद्धि जारी है। कोरोना संक्रमण के चलते बिगड़ते हालातों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 मई को जिलाधिकारियों से बातचीत करेंगे। पीएम मोदी जिलाधिकारियों के कोरोना से पैदा हालात और संक्रमण पर काबू पाने की तैयारियों पर चर्चा करेंगे।

## इजरायल ने दिया जवाब, 13 मंजिला इमारत ध्वस्त

**इंटरनेशनल डेस्क।** सोमवार को हमास ने गाजा पट्टी से इस्राइल के यरुशलम पर 300 से अधिक रॉकेट दागे। इस हमले के जवाब में इस्राइली एयरफोर्स ने हमास (इस्राइली इसे आतंकी संगठन मानता है) के 150 से भी ज्यादा ठिकानों को अपना निशाना बनाया। मंगलवार को इस्राइल ने हमास के पॉलिटिकल विंक के ऑफिसर पर हमला करते हुए 13 मंजिला बिल्डिंग गिरा दी। माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच इस जंग की शुरुआत रविवार 9 मई 2021 को हुई थी। किंतु इस विवाद का संबंध तकरीबन 73 साल पुराना है।गत रविवार को इस्राइली सुप्रीम कोर्ट ने पूर्वी जेरुसलम से फिलिस्तीनियों के सात परिवारों को हटाने का आदेश जारी किया था। आदेश में इस्राइल के गठन से पहले 1948 में यहूदी रिलिजन एसोसिएशन के अधीन आने वाले घरों को खाली करने के निर्देश दिए गए थे। इसका पालन करते हुए इस्राइल में स्थिति शेख जर्रा नामक जगह में रहने वाले 70 फिलिस्तीनियों को हटाकर यहूदियों को बसाया जाने लगा। लेकिन फिलिस्तीनी कोर्ट के इस आदेश से नाखुश थे, उन्होंने ने इसके लिए विरोध में इस्राइल में जगह-जगह पर आंदोलन किए।






# पानी से शरीर में नहीं फैलता कोरोना वायरस

**वेब डेस्क।** यूपी व बिहार की सीमा पर गंगा में बहते मिले शवों को लेकर जहां स्थानीय लोग भयभीत हैं वहीं चिकित्सा विशेषज्ञों का दावा है कि कोरोना का वायरस पानी से शरीर में नहीं फैलता। उनका कहना है कि शरीर से निकलकर यह वायरस जब पानी में जाता है तो वहां ज्यादा सक्रिय नहीं रहता। विशेषज्ञों ने कहा कि इस वायरस की चपेट में आकर दम तोड़ने वाले का शव पानी में है तो उसके जरिये दूसरे लोगों तक वायरस पहुंचने का अभी तक कोई प्रमाण नहीं मिला है। इसलिए नदी में नहाने व पानी पीने से कोरोना संक्रमण होने की संभावना नहीं है। इतना जरूर है कि यदि संबंधित पानी प्रदूषित है तो पेट व त्वचा रोग हो सकता है। एसजीपीजीआई के निदेशक प्रो. आरके धीमान ने बताया कि अभी तक पानी से



वायरस के फैलाव को लेकर कोई स्टडी नहीं आई है। इतना जरूर है कि यह वायरस नाक के जरिये शरीर में प्रवेश करता है। कुछ मामलों में मुंह से भी संक्रमण के सुबूत मिले हैं। सांस लेने के दौरान नाक से वायरस के शरीर में जाने की वजह से फेफड़े में संक्रमण होता है।

#### शरीर में लंबे समय तक रह सकते है

केजीएमयू माइक्रोबायोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शीतल वर्मा ने बताया कि कोरोना वायरस नॉन लिविंग होता है। यह मनुष्य के शरीर से बाहर निकलने पर करीब 24 घंटे बाद खत्म हो जाता है। लेकिन शरीर में पहुंचने के बाद तेजी से राइबोसोम की मदद से डुप्लीकेट वर्जन तैयार करता है। ऐसे में यदि किसी व्यक्ति की मौत हो जाती है तो भी उसके जरिये दूसरों में वायरस फैलने की आशंका रहती है। शून्य तापमान पर भी यह शरीर में जिंदा रहता है। लेकिन संक्रमित शव के पानी में होने पर यह पानी के जरिये एक जगह से दूसरे जगह तक नहीं जा सकता।

## टीकरी बॉर्डर केस-किसान नेता जसबीर कौर का नया खुलासा, मौत से पहले पीड़िता ने बताया था सच



**नई दिल्ली।** हरियाणा के बहादुरगढ़ के एक अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ने वाली किसान आंदोलनकारी पश्चिम बंगाल की युवती से दुष्कर्म के केस की जांच के दौरान पुलिस ने बुधवार को किसान नेता जसबीर कौर और राजेंद्र सिंह दीपवाला से महिला थाना बहादुरगढ़ में पूछताछ की। पूछताछ के दौरान जसबीर कौर ने बताया कि मैं 26 को इलाज के लिए भर्ती करवाने के साथ ही अस्पताल में युवती को संभालने के लिए पहुंच गई थी और 30 अप्रैल तक युवती के इलाज में मदद की। इस बीच मैंने युवती से पूछा तो उसने बताया कि अनिल मलिक ने गाड़ी में उसके साथ छेड़छाड़ की। पुलिस ने जसबीर कौर से पूछा कि केस के छह आरोपियों में से योगिता ने आपको क्या-क्या बताया। इस पर जसबीर ने कहा कि योगिता ने 19 या 20 अप्रैल को उन्हें बताया था कि किसान सोशल आर्मी वालों ने बंगाल की एक युवती के साथ ट्रेन में छेड़छाड़ की है। दुष्कर्म की बातों से योगिता ने इनकार किया।

कटनी
गुरुवार, 13 मई 2021
यश भारत

# संक्रमण में कमी आने के बाद अब बढ़ रही वेक्सीनेशन की रफ्तार

## बुधवार को 1418 को लगाया गया टीका, 18 वर्ष प्लस भी पहुंचे

**कटनी।** जिले में निर्धारित टीकाकरण केन्द्रों में कोविड-19 का वेक्सीनेशन कार्य किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि कटनी जिले में 12 मई को कुल 1418 लाभार्थियों का वेक्सीनेशन किया गया है। 45 वर्ष व उससे अधिक आयु के 134 व्यक्तियों को फर्स्ट डोज तथा 253 को सेकेण्ड डोज का वेक्सीन लगाया गया है। इसी प्रकार सीनियर सिटिजन्स में 60 वर्ष व उससे अधिक आयु वर्ग के 33 लाभार्थियों को फर्स्ट डोज तथा 399 को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 का वेक्सीनेशन किया गया है। वहीं 4 हेल्थकेयर वर्कर्स को फर्स्ट डोज और 11 को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 वेक्सीनेशन किया गया है। साथ ही 5 फ्रंटलाईन वर्कर्स को फर्स्ट डोज तथा 8 को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 टीका लगाया गया है। इसके साथ ही 18 से 44 आयुवर्ग के लाभार्थियों में 571 को कोविड-19 वेक्सीन का फर्स्ट डोज भी लगाया गया है।



### 6 स्थानों पर 18 से 44 आयुवर्ग को लगा टीका

आज 13 मई को 18 से 44 आयु वर्ग लोगों के लिये वेक्सीनेशन जिले में 6 केन्द्र निर्धारित किये गये। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि आज 13 मई को पुरानी कचहरी परिसर में वेक्सीनेशन हुअसा। इसके साथ ही शहरी क्षेत्र अंतर्गत शासकीय प्राईमरी स्कूल टिकरिया लखेरा, रेल्वे स्कूल एनकेजे, सीएलपी स्कूल पाठक वार्ड भट्टा मोहल्ला और तिलक कॉलेज में भी 18 से 44 आयुवर्ग के लोगों का वेक्सीनेशन किया गया। सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ के टीकाकरण केन्द्र एक्सीलेन्स स्कूल में आयोजित किया गया, इसके लिये सभी स्लॉट बुक हो चुके थे। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सिंघई ने कहा कि जिन लोगों ने 13 मई के लिये अपने स्लॉट ऑनलाईन बुक किये हैं। वे सभी अपने निर्धारित समय में वेक्सीनेशन के लिये टीकाकरण केन्द्र पर जरुर पहुंचे और वेक्सीन लगवायें।

### टीकाकरण के एक दिन पूर्व 9 से 11 बजे के बीच ऑनलाईन सत्र पोर्टल पर पब्लिश करने के निर्देश

प्रदेश में 5 मई से 18-44 वर्ष आयुवर्ग के नागरिकों का कोविड-19 टीकाकरण प्रारंभ किया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश द्वारा इस संबंध में समस्त जिलें के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिलों के टीकाकरण अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। जिसमें 18-44 वर्ष आयुवर्ग के नागरिकों के लिये कोविड-19 टीकाकरण सत्र आयोजित करने के एक दिवस पूर्व प्रातः 9 बजे से 11 बजे के बीच ऑनलाईन सत्र कोविन पोर्टल पर पब्लिश करना सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया गया है। जिलों द्वारा कोविन पोर्टल पर ऑनलाईन सत्र पब्लिश करने का निश्चित समय निर्धारित नहीं है। जिससे आमजन को स्लॉट बुक करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### आंधी तूफान से गिरा वृक्ष



एनकेजे रोड स्थित गायत्रीनगर में राम मंदिर के पास लगा वृक्ष आंधी तूफान के चलते गिर गया।



### भंडारा एवं देवी जागरण स्थगित

**कटनी।** प्रतिवर्षानुसार श्री भूमि प्रकट शारदा माताजी का प्राकट्य उत्सव अक्षय तृतीया के दिन बड़ी धूमधाम से मनाया जाता रहा है। लेकिन इस वर्ष कोरोना संक्रमा के चलते अक्षय तृतीया के दिन शुक्रवार 14 मई को कोरोना भंडारा एवं देवी जागरण का आयोजन स्थगित किया जा रहा है। माता रानी के सभी भक्तों से निवेदन हैं कि सभी भक्त अपने अपने घरों में ही रहकर माता रानी की पूजा अर्चना करें।

# कोरोना से लड़ाई में आगे आए डीएफओ

### डॉ. खण्डेलवाल ने उपलब्ध कराया बाईपेप उपकरण

**कटनी।** कोरोना की यह लड़ाई बिना सबके साथ और सहयोग के ना ही लड़ी जा सकती है और ना ही जीती जा सकती है। हम मिलकर लड़ रहे हैं, यही हमारा विश्वास है कि हम जरुर जीतेंगे। यह महज कोरी बड़ी-बड़ी बातें नहीं हैं। आज की सच्चाई है। शासन-प्रशासन के द्वारा हर स्तर पर कोरोना की इस लड़ाई में जनस्वास्थ्य के लिये हर संभव कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने भी कोरोना की इस विपदा में सभी का सहयोग मांगा है। कटनी में आपसी सहयोग और समन्वय के समन्वित प्रयासों के बहुत से उदाहरण सामने आये हैं। कोरोना की इस लड़ाई में जिले के जनप्रतिनिधियों सहित स्वयंसेवियों, सामाजिक संगठनों, युवा संगठनों के द्वारा बढ़-चढ़कर सहयोग किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को जिले के वन विभाग के प्रमुख डीएफओ आर.सी. विश्वकर्मा ने कोरोना से लड़ाई के लिये अपने वेतन से 1 लाख रुपये की सहयोग राशि जिला अस्पताल को दी। उन्होने रोगी कल्याण समिति के माध्यम से यह राशि जिला अस्पताल को उपलब्ध कराई। वहीं जिले के डॉक्टर एल.एन. खण्डेलवाल भी विपदा की इस घड़ी में प्रशासन के सहयोग के लिये सामने आये। उन्होने जिला अस्पताल को रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से प्राण रक्षा में सहायक बाईपेप उपकरण उपलब्ध कराया है। इस पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा उनका आभार भी व्यक्त किया गया है।



**अपने वेतन से जिला अस्पताल को सौंपी 1 लाख रुपये की राशि**



# नर्स दिवस : भाजपा ने किया नर्सों का सम्मान

**कटनी।** अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सरस्वती शिशु मंदिर में सेवा भारती द्वारा संचालित कोविड केयर एवं आइसोलेशन सेंटर पहुंचकर नर्सों का सम्मान किया एवं उन्हें पुष्पगुच्छ भेट कर उनका आभार व्यक्त किया गया। कोरोना महामारी के इस दौर में चिकित्सीय स्टाफने अपना सब कुछ झोंका हुआ है। इनमें नर्स बहने बेहद अहम भूमिका निभा रही हैं। जान पर खेलकर मरीजों का इलाज करने में मदद कर रही हैं। अपने घरों से दूर परिवार से दूर रहकर भी अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कर रही हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस है। इस दिन इनकी सेवा को याद करना बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना नर्सिंग स्टाफके इस लड़ाई को लड़ना कतई मुमकिन नहीं है। ये चौबीसों घंटे काम कर रही हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक डॉ अमित साहू, नगर कार्यवाह नीलेश विश्वकर्मा, वरिष्ठ नेता चेतन हिंदुजा, दीपक टंडन सोनी, दिलीप त्रिसोलिया, आशीष गुप्ता, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, राजेश भास्कर, सुनील डोडानी, मनीष त्रिसोलिया, विष्णुशंकर मिश्रा आदि भाजपाजन मौजूद रहे।

# निधि को मिला अपनों का साथ

### होम आईसोलेशन में रहकर दी कोरोना को मात

**कटनी।** मन है विश्वास, हम होंगे कामयाब। इस ध्येय वाक्य को सच कर दिखाया है निधि रजक ने। उन्होने अपने आत्मबल और होम आईसोलेशन के लिये शासन द्वारा निर्धारित निर्देशों का पालन करते हुये घर पर ही रहकर कोरोना से जंग जीती है। अपने अनुभव साझा करते हुये कटनी निवासी निधि ने बताया कि उन्हें सर्दी, खांसी और हल्की बुखार के लक्षण जैसे ही दिखे, वैसे ही बिना किसी विलंब के उन्होंने कोरोना की सैम्पलिंग कराई। जिसमें उनकी रिपोर्ट पॉजीटिव आई। इसके बाद कोविड कमाण्ड कन्ट्रोल रुम के माध्यम से भी उन्हें कोविड पॉजीटिव होने की जानकारी दी गई। साथ ही होम आईसोलेशन के लिये निर्धारित प्रक्रिया बताई गई। वहीं वीडियो कॉल्स के माध्यम से भी डॉक्टर्स द्वारा निधि को परामर्श दिया गया। प्रशासन की टीम ने मेडिसिन किट निधि के घर तक पहुंचाई। इसके लिये निधि ने प्रशासन और डॉक्टर्स का आभार भी व्यक्त किया है। निधि ने बताया कि इस कोरेन्टाईन अवधि का सबसे बड़ा चैलेन्ज उनके लिये उनकी डेढ़ साल का बच्चा था। एक मां होने के नाते बच्चे से दूर रहना और उसके देखभाल की चिन्ता होना स्वाभाविक है। लेकिन उनके पति अंकुश और उनके परिवार के सदस्यों ने कोरोना के इस बुरे समय में ना सिर्फ उनका संबंल बढ़ाया बल्कि बच्चे की देखभाल भी मिलजुल कर बेहतर तरीके से की। परिवार के संबल, अपनों का साथ, डॉक्टर्स का परामर्श और प्रशासन का सहयोग निधि को मिला। जिससे निधि का मनोबल बढ़ा। उन्होने होम आईसोलेशन के सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया। इसमें भी उनके परिजनों ने उनका पूरा सहयोग दिया। जिससे कोरोना की यह जंग निधि ने घर पर ही रहकर जीती।





# गरीबों एवं असहाय लोगों को किया जा रहा भोजन का वितरण

**कटनी।** कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में लॉकडाउन की अवधि में नगर के गरीब एवं असहाय लोगों के भोजन की व्यवस्था निरंतर कराई जाकर विभिन्न स्थलों में निःशुल्क भोजन का वितरण किया जा रहा है। भोजन वितरण में संलग्न कर्मचारी अभिषेक अरजरिया ने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा गरीब एवं असाय लोगों के भोजन की व्यवस्था का ख्याल रखा जाकर दीनदयाल अन्त्योदय रसोई के माध्यम से भोजन तैयार कराया जाकर पैकिटों के माध्यम से नगर के विभिन्न मुख्य स्थलों अस्पताल चौराहा, मुडवारा स्टेशन के बाहर, कमानिया गेट हनुमान जी के मंदिर के पास, जालपा देवी वार्ड स्थित जालपा मंदिर के बाहर तथा माधवनगर क्षेत्र में भोजन के पैकिटों को वितरण कराया गया।

# जोन कार्यालयों में आ रहे सर्दी, खांसी बुखार के मरीज



**कटनी।** आमजनों की सुविधा एवं सर्दी/खांसी/बुखार के लक्षण युक्त रोगियों के प्राथमिक उपचार की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए 7 मई से 25 मई तक चलनें वाले किल कोरोना -3 अभियान के तहत कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा शासन निर्देषों के परिपालन में नगर निगम के चारों जोन कार्यालयों में कोविड सहायता केन्द्रों की स्थापना की गई है। कोविड सहायता केन्द्रों का अधिक से अधिक नागरिक लाभ प्राप्त कर सके इस हेतु बैनर पोस्टर, मुनादी आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाकर सर्दी, बुखार, खांसी के लक्षण युक्त मरीजों को कोविड सहायता केन्द्रों में जाकर अपनी निःशुल्क प्रारंभिक जांच करानें हेतु प्रेरित किया जा रहा है। कोरोना संक्रमण के प्रसार को राकनें हेतु नगर के 45 वार्डो के नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा हेतु जोन कार्यालयों में स्थापित कोविड सहायता केन्द्रों की रोजाना साफ सफाई कराई जाकर सैनेटाइजेशन कराया जा रहा है। केन्द्रों में उपस्थित होनें वाले मरीजों की चिकित्सकों द्वारा जांच की जाकर चिकित्सा परामर्श व दवा का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। कोविड सहायता केन्द्रों के प्रभारी ने बताया कि जोन कार्यालय में स्थापित कविड सहायता केन्द्रों के चिकित्सकों के माध्यम से जोन क्रमांक 1 आडिटोरियम स्थित से आठ मरीजों, जोन क्रमांक -2 खिरहनी आंगनबाडी कोविड सहायता केन्द्र से 4 मरीजों, जोन क्रमांक 3 टी.सी.बजान स्कूल परिसर से 6 मरीजों तथा जोन कमांक 4 माधवनगर उपकार्यालय से 3 मरीजों द्वारा सर्दी, खांसी, बुखार की प्राथमिक जांच कराई जाकर निःशुल्क दवा प्राप्त की गई।

# गुब्बारा उड़ाकर लोगों को कोरोना से किया जागरूक

**कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा कोविड -19 महामारी के संक्रमण से बचाव हेतु विभिन्न माध्यमों से जागरूकता संदेशों का प्रसारण किया जा रहा है। नगर के अधिक से अधिक लोगों को मास्क लगानें के प्रति जागरूक करनें के उद्धेश्य से निगम कार्यालय की छत में मेरा मास्क मेरी सुरक्षा का संदेश देता हुआ गैस का बडा गुब्बारा उडाकर आमजनों को मास्क पहननें के प्रति जागरूक करनें के प्रयास किये जा रहे है। निगमायुक्त श्री धाकरे ने जानकारी देते हुए बताया कि कारोना संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु निगम प्रशासन द्वारा रोजाना नगर के विभिन्न मार्गो में जागरूकता रथों का भ्रमण कराकर, रेल्वे स्टेशनों, वैक्सीनेशन सेंटर तथा सब्जी मंडी स्थलों में रोको टोको अभियान का आयोजन किया जाकर नागरिकों को संक्रमण से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों को अपनानें की अपील की जा रही है। निगम प्रशासन द्वारा सहयोगी संस्था के माध्यम से मुडवारा स्टेशन परिसर में आने जाने वाले यात्रियों को संक्रमण के प्रति जागरूक करनें तथा थर्मल स्क्रीनिंग का कार्य करानें हेतु तीन शिफ्ट में कार्य कर रहे है। सहयोगी संस्था के सदस्यों द्वारा स्टेशन परिसर में रोको - टोको अभियान के माध्यम से जागरूकता संदेश प्रसारित करनें तथा यात्रियों को अनिवार्य रूप से मास्क लगानें, आपस मे दो गज की दूरी बनाये रखनें तथा साबुन से हांथ धुलनें अथवा सैनेटाईज करनें हेतु प्रेरित करनें सहित थर्मल स्क्रीनिंग की जाकर यात्रियों का नाम पंजी में संधारित किया जा रहा है।




# 10 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ खुलेंगे पंजीयक कार्यालय

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रियंक मिश्रा ने कोविड-19 के बढ़ते हुये संक्रमण के दृष्टिगत जारी गृह विभाग के दिशा-निर्देशों के तहत एवं जिला क्राईसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप के सदस्यों से चर्चा तथा लिये गये निर्णय के अनुसार पूर्व में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश में आंशिक संशोधन किया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रियंक मिश्रा द्वारा इस संबंध में दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत आंशिक संशोधित आदेश जारी किया गया है। जारी संशोधित प्रतिबंधात्मक आदेश के तहत संपूर्ण कटनी जिले नगरीय एवं ग्रामीण में 17 मई की प्रातः 6 बजे तक कोरोना कर्फ्यू घोषित किया गया है। इस आदेश में आंशिक संधोधन करते हुये कलेक्टर श्री मिश्रा ने अत्यावश्यक सेवायें देने का कार्य करने वाले कार्यालय मानते हुये जिला पंजीयक, उप पंजीयक के कार्यालय को 10 प्रतिशत कर्मचारियों की उपस्थिति के साथ-साथ कोविड गाईडलाईन का पालन सुनिश्चित करते हुये प्रतिबंध से मुक्त किया है। जिसका आदेश उन्होने 12 मई बुधवार को जारी किया है। शेष आदेश यथावत रहेगा।

**कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किया संशोधित आदेश**

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# कोरोना से निपटने में कारगर साबित हो रही मिस्ट गन




**कटनी।** रोजना मिस्ट गन मशीन, कोरोना विनाशक रथ एवं हेंड स्प्रे पंप के माध्यम से विभिन्न वार्डो में कराये जा रहे सैनेटाईजेशन अभियान की सार्थकता और बढ गई है। सैनेटाईजेशन कार्य प्रभारी पंकज निगम एवं अभिषेक बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना महामारी को दृष्टिगत रखते हुए संक्रमण को राकनें हेतु आज प्रातः दिव्यांचल कोविड केयर, सायना कोविड केयर, जोन क्रमांक 1 कोविड सहायता केन्द्र ऑडिटोरियम परिसर, जोन क्रमांक 2 खिरहनी आंगनबाडी भवन, जोन क्रमांक 3 टी.सी.बजान स्कूल, जोन क्रमांक 4 उपकार्यालय माधवनगर, बालक छात्रावास राय कॉलानी, वन विभाग कार्यालय हीरागंज, इंद्रानगर चैक पोस्ट, दुर्गा चौक चैक पोस्ट, कटनी मुख्य स्टेशन, मुडवारा स्टेशन, दीनदयाल अन्त्योदय रसोई केन्द्र -2, अंजूमन इस्लामिया स्कूल, पुराना जिला न्यायालय कोविड वैक्सीनेशन सेंटर, कोविड जांच केन्द्र जैन स्कूल, तहसील कार्यालय, सहित अन्य स्थलों में कोरोना विनाशक रथों के माध्यम से सैनेटाइजेशन का छिडकाव किया गया। नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों अन्तर्गत बाल गंगाघर तिलक वार्ड स्थित इंदिरानगर गली नंबर 4, 5 एवं 6, बस स्टेण्ड परिसर, इंदिरा गांधी वार्ड स्थित बाला जी नगर महात्मा गांधी वार्ड लाल बिल्डिंग के पास एवं गौर गली, वेंकट वार्ड ओव्हर ब्रिज के नीचे निषाद बस्ती, नरेन्द्र मार्ग गली, शास्त्री कॉलानी, सुब्बाराव गली, गांधी द्वार से सुभाष चौक तक का मुख्य मार्ग, वीर सावरकर वार्ड जंगल दफ्तर के पीछे संक्रमित स्थल, व्ही आई.पी.रोड सिविल लाईन, फायर ब्रिगेड कार्यालय के सामनें लोकनिर्माण विभाग कार्यालय, रोशन नगर पार्षद गली, द्वारका सिटी, जयहिंद चौक, डॉ सक्सेना अस्पताल, कावस जी वार्ड बारडोली कॉलेज के पीछे, सी.एल.पाठक वार्ड के विभिन्न स्थलों, वेस्टलैंड बजरिया, ए.टी.एम के पीछे वाली कुलिया के संक्रमित स्थल एवं आसपास का क्षेत्र, एन.के.जे मुक्तिधाम, जैन कॉलोनी, माधवनगर झूलेलाल मंदिर के पास, पराना गुरूद्वारा माधवनगर, मंगलनगर, डन कॉलोनी, पुष्पांजली नर्सिंग होम तथा मिस्ट गन मशीन के माध्यम से द्वारका सिटी आचार्य विनोवा भावे वार्ड की विभिन्न गलियों में सोडियम हाईपोक्लोराइड के घोल का छिडकाव किया जाकर स्थलों को विसंक्रमित किया गया।



# युवाओं ने घरों में जाकर दी सब्जियां

**कटनी।** कोरोना संक्रमण के बीच युवा समाजसेवियों द्वारा जरूरतमंदों को लगातार भोजन का वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में आचार्य कृपलानी वार्ड नंबर 41 में समाजसेवी नीरज रोहरा, ईश्वर बहरानी, धीरज भाषानी, कुनाल द्वारा जरूरतमंद लोगों को घरों में जाकर सब्जियां वितरण की गई एवं लोगों को अनावश्यक घर से बाहर नहीं निकले, इसको लेकर प्रेरित किया गया।

## 30 स्थलों पर की गई माइक्रो कंटेनमेंट जोन की कार्यवाही




**कटनी।** कोविड - 19 के बढते संक्रमण की रोकथाम एवं सुरक्षा की दृष्टि से निगम सीमान्तर्गत कोविड पॉजीटिव पाये जाने पर उक्त क्षेत्र/भवन को माईक्रो कंटेनटमेन्ट जोन चिन्हित किये जाकर साफसफाई, कीटनाषक दवा के छिडकाव सहित सैनेटाइजेषन की कार्यवाही निरंतर जारी है।। क्षेत्रीय उपयंत्रियों एवं विभाग द्वारा दी गई जानकारी अनुसार आज कोविड संक्रमण के प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए महात्मा गांधी वार्ड लाल बिल्डिंग के पास एवं वर्मा गली, जयप्रकाश वार्ड स्थित नई बस्ती, जगमाहनदास वार्ड स्थित आधार काप, सावरकर वार्ड पुरानी एल.आई.सी के पीछे, गुरूनानक वार्ड नई बस्ती, रामजानकी हनुमान वार्ड के 10 स्थलों हनुमान मंदिर के पास, श्री लल्लू लाल शुक्ला के घर के सामनें, मम्मू मेडिकल के पास दो स्थलों, सांईपुरम कॉलोनी में तीन स्थलों, गुत्तेश्वर साहू गली में दो स्थलों, खरे कॉलोनी, बाबू जगजीवन राम वार्ड स्थित रेल्वे कॉलोनी आर.बी.-1, वंश स्वरूप वार्ड स्थित द्वारका सिटी, नेहरू वार्ड स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलानी के पांच स्थलों, रामनिवास सिंह वार्ड, फारेस्टर वार्ड, विवेकानंद वार्ड लखेरा, रामकृष्ण परमहंस वार्ड मंगलनगर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के दो स्थलों एन.के.जे मेन मार्केट एवं संजय परिहार जी के मकान के पास माइर्क्रो कंटेनमेंट जोन के बैनर लगाकर अन्य आवष्यक कार्यवाही की गई।

## जिनके पास कार्ड नहीं, उन्हें भी मिले राशन

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने की कलेक्टर से मांग

**कटनी।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश जैन एडवोकेट ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से मांग की है कि जिन लोगों के गरीबी रेखा रेखा राशन कार्ड बने हुए हैं, भले ही उनकी पात्रता पर्ची नहीं बनी है, उन सभी लोगों को राशन उपलब्ध कराया जाए, इसके अलावा जिन गरीब व्यक्तियो के राशन कार्ड ही नहीं हैं, इसकी जानकारी कोरोना वार्ड समितियों से प्राप्त करके ऐसे गरीब व्यक्तियों को भी तीन-तीन माह का राशन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा है कि उनकी जानकारी अनुसार राशन मिलने हेतु जिन की पात्रता पर्ची नहीं बनी है। उनकी अस्थाई पात्रता पर्ची बनेगी लेकिन उसके लिए समग्र आईडी होना जरूरी है। आज भी नगर निगम क्षेत्र में हजारों लोगों की समग्र आईडी नहीं बनी हैए यदि बनी भी है तो उसमें नामएउम्रए जाति गलत लिखी हुई है। नगर निगम का समग्र आईडी विभाग बिल्कुल लापरवाह और भ्रष्टाचार में डूबा हुआ विभाग है। अतः कलेक्टर एवं आयुक्त से निवेदन है कि अस्थाई पर्ची बनने के लिए नगर निगम में भारी भीड उमड़ेगी। अतः उचित यह होगा प्रत्येक वार्ड में ही नगर निगम कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर अस्थाई पर्ची बनवा दे और इसके पूर्व वार्ड में मुनादी भी करवा दें तथा संबंधित नागरिकों को निर्धारित प्रारूप का आवेदन पत्र भी उपलब्ध करा दें, ताकि सुगमता से अस्थाई पर्ची बनकर खाद्यान्न मिल सके।

## सीवर का फीवर, गड्ढे में फंसा ट्रक



आजाद चौक में चल रहे सीवर लाइन निर्माण में लापरवाही का खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भोगना पड़ रहा है। सीवर लाइन निर्माण के बाद चांडक चौक से आजाद चौक और मिशन चौक तक गड्ढे ही गड्ढे हो गए हैं, जिसकी वजह से वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विगत रात्रि आजाद चौक में एक ट्रक गड्ढे में फंस गया, जिसे काफी मशक्कत के बाद निकाला गया। यह तो गनीमत रही कि ट्रक गड्ढे में फंसकर पलटा नहीं, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

## कोविड कंट्रोल रूम एवं चैक पोस्ट में लगाई कर्मचारियों की डयूटी

**कटनी।** कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में कोविड -19 संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए नागरिकों को लॉकडाउन के नियमों का पालन करानें तथा घर बैठे निकाय से संबंधित सेवाओं की प्राप्ती/शिकायतों का निराकरण हेतु निगम कार्यालय मे कंट्रोल रूम की स्थापना की जाकर जारी नंबर 07622 220877 एवं टोल फ्री नंबर 18002330877 के माध्यम से निरंतर शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है। निगमायुक्त द्वारा संशोधित डयूटी आदेश जारी कर कंट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी नागेन्द्र पटैल कार्यालय अधीक्षक को नियुक्त करते हुए तीन पालियों में 24 घंटे सेवाएं प्रदान किये जानें हेतु निगम के अधिकारियों कर्मचारियों की डयूटी लगाई है। नगर निगम सीमा में प्रवेश मार्गो में पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के साथ चैक पोस्ट हेतु संशोधित डयूटी आदेश जारी कर चैक पोस्ट का प्रभारी अधिकारी राकेश शर्मा प्र.कार्य.यंत्री को नियुक्त करते हुए झिंझरी, चाका, जुहला बायपास तथा इन्द्रा नगर के पास स्थित चैक पोस्ट में तीन पालियों में चार-चार कर्मचारियों की डयूटी लगाई जाकर सौपें गए दायित्वों को प्रतिदिन निर्धारित समय पर पूर्ण करानें के निर्देश दिए है।

## लोकसेवकों और उनके परिजनों के निधन पर कलेक्टर ने जताया शोक

**कटनी।** कोरोना की इस विपदा की घड़ी में दिनरात लोकसेवक आमजन के स्वास्थ्य के लिये तत्परता से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। इस दौरान उन्होने भी अपने परिजनों को खोया है। वहीं कुछ लोकसेवकों का भी असमय निधन हुआ है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने ऐसे सभी लोकसेवकों के प्रति अपनी शोक संवेदनायें व्यक्त करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के वितरण केन्द्र बचैया में पदस्थ जूनियर इंजीनियर सुरेश डिमोले का निधन कोरोना संक्रमित होने के कारण हुआ था। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र में पदस्थ विज्ञान अधिकारी प्रफुल्ल श्रीवास्तव के पिता उमानाथ श्रीवास्तव का कोविड-19 से संक्रमित होने के कारण उनका भी अकास्मिक निधन हुआ। जिसपर शोक संदेश के माध्यम से कलेक्टर श्री मिश्रा ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। परिजनों को इस वज्रपात को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना भी ईश्वर से की है। जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में पीसीओ के पद पर पदस्थ एस.के. कलसिया का निधन भी कोविड-19 से संक्रमित होने के कारण आकस्मिक रुप से हुआ था। वहीं उद्यानिकी विभाग कटनी में माली के पद पर पदस्थ गणेश बर्मन का आकस्मिक निधन भी कोरोना संक्रमित होने के कारण हुआ। इसी प्रकार पुलिस विभाग कटनी में उपनिरीक्षक पद पर पदस्थ नरेश पटेल का निधन भी कोविड-19 से संक्रमित होने के कारण हुआ है। इन सभी लोक सेवकों को विनम्र श्रद्धांजलि कलेक्टर श्री मिश्रा ने अर्पित की है। वहीं पीड़ित परिवार को इस वज्रपात को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना भी ईश्वर से की है। जिला योजना सांख्यिकी विभाग कटनी में सहायक ग्रेड-3 पद पर पदस्थ यू.के. पटेल, खनिज विभाग कटनी में सहायक ग्रेड-2 के पद पर पदस्थ राजेन्द्र प्रसाद रावत और जनपद पंचायत रीठी में पीसीओ के पद पर पदस्थ आर.एस. वर्मा का आकस्मिक निधन भी कोविड-19 से संक्रमित होने के कारण हुआ। जिस पर इन सभी लोक सेवकों को विनम्र श्रद्धांजलि कलेक्टर श्री मिश्रा ने अर्पित की है। वहीं पीड़ित परिवार को इस वज्रपात को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना भी ईश्वर से की है।

## गरीब परिवार की मदद के लिए आगे आए बरही टीआई



**कटनी।** बरही के वार्ड क्रमांक 03 में गतदिवस एक गरीब निर्धन परिवार के युवा पुत्र के आकस्मिक निधन पर बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची ने भी मानवता दिखाते हुए आर्थिक मदद की है। गौरतलब है कि वार्ड क्रमांक 3 निवासी रज्जु बर्मन के 18 वर्षीय पुत्र बाली बर्मन का अकस्मिक निधन हो गया था। मृतक के परिवार की आर्थिक हालत खराब थी। जिसकी मदद करने कई लोग आगें आए और जिससे जो संभव हुआ उसने मदद की। वहीं इस बात की जानकारी लगने के बाद बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची ने भी पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद की।

## सांसद सहायता केंद्र में सेवा में जुटे भाजपा कार्यकर्ता




**कटनी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों एवं उनके परिजनों की मदद हेतु सांसद सहायता केंद्र स्थापित किया गया है। जिसके माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता लगातार लोगों की सेवा में लगे हुए हैं। सांसद विष्णुदत्त शर्मा के निर्देशन में सेवा ही संगठन अभियान के द्वारा पूरे मप्र सहित कटनी में भी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कोविड पीड़ितों एवं उनके परिजनों की सहायता सेवा भाव से की जा रही है। सांसद सहायता केंद्र में कोरोना पीड़ितों के परिजनों की भोजन के पैकेट, आयुष विभाग का त्रिकुट काढ़ा, गर्म पानी, सादा पानी, बिस्किट, मास्क, केला फल और सेनेटाइजर आदि दी गयी। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष, कन्हैया तिवारी, चेतन हिंदुजा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, राजेश भास्कर, पप्पा मिश्रा, छुट्टू मिश्रा, शिवम शर्मा, सुनील डोडानी, अहमद बख्श, संतोष पटेल, सोनू बहरे, मनीष त्रिसोलिया, अभिषेक शर्मा, नवीन मोटवानी, विवेक गुप्ता, विमल साहू, विष्णुशंकर मिश्रा, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नाले की सफाई में निकली सालों से जमी सिल्ट





### कोरोना संक्रमण के चलते सफाई में जुटा नगर निगम अमला

**कटनी।** कोरोना महामारी के संर्क्रमण को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा रोजाना नगर के मुख्य मार्गो सहित मलिन बस्तियों की सफाई की जाकर विभिन्न स्थलों में कीटनाशक दवा का छिडकाव किया जाकर नगर को साफएवं संक्रमण मुक्त रखनें के प्रयास किये जा रहे है। कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में रोजाना वार्डो से डोर टू डोर कचरे के संग्रहरण का कार्य सहित सब्जी/फल मंडी विक्रय स्थलों की सफाई वैक्सीनेशन सेंटर, कोविड जांच केन्द्र, चिकित्सालयों एवं कोविड केयर सेंटर के मेडिकल वेस्ट के उठाव का कार्य पृथक वाहनों के माध्यम से कराया जा रहा है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नें जानकारी देते हुए बताया कि नगर के विभिन्न वार्डो की सार्वजनिक एवं अन्य गलियों की सफाई के प्रयास भी दो पालियों के माध्यम से किये जा रहे है। रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के विभिन्न मार्गो सहित बस स्टेण्ड, नदीपार आदि स्थलों की सफाई की जाकर कचरे के उठाव का कार्य कर नगर को साफएवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये जा रहे है।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड
बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें
फोन :- 230033

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षो में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर



# रेमडेसिविर इंजेक्शन के अभाव में कितने मरीजों की मौत, इसकी भी जांच जरूरी

## एसआईटी ने शुरू की पड़ताल, इंजेक्शन की आपूर्ति, दाम और स्टाक की हो रही जांच

**कटनी। जबलपुर में नकली रेमडेसिविर इंजेक्शन के खुलासे के बाद पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी द्वारा गठित एसआईटी ने बुधवार से शहर में जांच पड़ताल शुरू कर दी है। एएसपी संदीप मिश्रा की अगुआई में टीम में शामिल अधिकारियों ने शहर के दो निजी अस्पताल और दो मेडिकल स्टोर्स में पहुंचकर दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। एसआईटी ने यहां स्टाक के मिलान सहित अन्य दस्तावेजों की जांच की। जिले में 5 कंपनियों द्वारा रेमडेसिविर इंजेक्शन की आपूर्ति की जा रही है। अलग-अलग कंपनियों के अलग-अलग रेट निर्धारित है। सवाल यह है कि जब रेमडेसिविर इंजेक्शन को कोविड मरीजों की जीवनरक्षा के लिए अधिक उपयोग बताया गया है तो अब तक राज्य सरकार ने इसके रेट क्यों तय नहीं किए और इसे अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम में क्यों शामिल नहीं किया।**

यश भारत खबर विशेष

कटनी में भी प्रशासन ने इसको लेकर अब तक न तो दवा विक्रेताओं की बैठक बुलाई और न ही रेमडेसिविर इंजेक्शन की आपूर्ति और इसके दामों को लेकर कोई निर्धारण किया। परिणाम यह रहा कि अप्रैल के महीने में जब मरीजों को रेमडेसिविर इंजेक्शन की सबसे ज्यादा जरूरत थी, उस समय शहर में इसको लेकर हाहाकार मचा रहा। परिजन एक-एक इंजेक्शन के लिए यहां से वहां भटकते रहे। गर्ग चौराहा में रामा एंड संस में लंबी कतारें तक देखी गईं। जिला चिकित्सालय में भी रेमडेसिविर इंजेक्शन लगाने को लेकर प्रबंधन ने जमकर मनमानी की। रेमडेसिविर इंजेक्शन लगाने को लेकर परिजनों और प्रबंधन के बीच बहस भी हुई। इसके अलावा कतिपय निजी अस्पतालों ने भी हाथ खड़े कर दिए और परिजनों को खुद इंतजाम करने के लिए कहा गया। कई मरीजों ने इंजेक्शन के अभाव में दम तोड़ दिया। एसआईटी को रेमडेसिविर इंजेक्शन की आपूर्ति, रेट, स्टाक के साथ ही इस बात की भी जांच करना चाहिए कि किन मरीजों को रेमडेसिविर इंजेक्शन की सबसे ज्यादा जरूरत थी और उन्हें समय पर रेमडेसिविर इंजेक्शन क्यों नहीं लगाया गया। रेमडेसिविर इंजेक्शन के अभाव में हुई मौतों के लिए किसे जिम्मेदार माना जाए।

### इन मेडिकल से दिया जा रहा इंजेक्शन

1. मां दुर्गा मेडिकल
2. चांडक मेडिकल
3. धर्मलोक मेडिकल
4. एमजीएम मेडिकल
5. ओम सांई मेडिकल
6. श्री राम फार्मा
7. पुष्पांजलि मेडिकल
8. बीएमसी मेडिकल

### इनका कहना है

जांच अभी पूरी नहीं हुई है। प्रत्येक बिंदू पर नजर है। दो दवा दुकानों के साथ एक निजी अस्पताल की जांच की गई। यहां दस्तावेज चेक किए गए। मरीजों की जानकारी मांगी गई है। जिसके बाद ही यह पता चल पाएगा कि कितने मरीजों को इंजेक्शन दिया गया है। जांच चल रही है। ड्रग निरीक्षक से भी जानकारी मांगी गई है।

*-संदीप मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक*

### निजी अस्पताल और मेडिकल स्टोर्स में दस्तावेजों की बारीकी से जांच



बुधवार की दोपहर एसपी द्वारा गठित एसआईटी जांच के लिए शहर में निकली। एएसपी संदीप मिश्रा के नेतृत्व में एसआईटी ने निजी अस्पताल और मेडिकल स्टोर्स में ताबड़तोड़ जांच की। इस दौरान रेमडेसिविर इंजेक्शन व अन्य दवाओं के संबंध में दल द्वारा दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। एसआईटी ने हॉस्पिटल प्रबंधन से दवाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की। जांच के दौरान सीएसपी एस के शुक्ला, तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, कोतवाली टीआई विजय विश्वकर्मा, कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह, माधवनगर टीआई संजय दुबे, एनकेजे टीआई महेंद्र मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। एसआईटी टीम सबसे पहले कचहरी चौक स्थित एमजीएम अस्पताल पहुंची और जांच की, इसके बाद एसआईटी टीम रामा मेडिकल पहुंची, जहां पर रिकॉर्ड की जांच की गई। यहां कितने रेमडेसीविर इंजेक्शन मुहैया कराए गए और कितने रिटेलर व अस्पतालों को दिए गए, इसकी जांच की गई। आरपी मेडिकल में तय दाम से ज्यादा दामों पर इंजेक्शन बेचे जाने की सूचना पर टीम वहां पहुंची और जांच की। इसके उपरांत टीम आदर्श कॉलोनी स्थित धर्मलोक अस्पताल पहुंची। यहां मरीजों को अब तक लगाए गए इंजेक्शन, मरीजों से ली गई फीस के संबंध में दस्तावेज लेकर जांच की गई।

### रेमडिसीवर इंजेक्शन की कंपनियां एवं निर्धारित किया गया रेट

| कंपनी का नाम | ब्रांड | कीमत |
|---|---|---|
| 1. cadila healthcare ltd. | REMDAC | 899/. |
| 2. jubilant generic ltd. | JUBI-R | 2720/. |
| 3. sun pharma | REMWIN INJ. | 1960/. |
| 4. hetero healthcare ltd. | COVIFOR | 3200/. |
| 5. mylan pahrmaceuticals pvt ltd | DESREM | 1600/. |



# दूसरे पति ने पिता व भाईयों के साथ मिलकर की थी हत्या

**विगढ़ पुलिस ने सुलझाई कुएं से बरामद महिला व बालक के शव की गुत्थी**

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत हरदुआ पड़खुरी में सप्ताह भर पहले सूखे कुएं से बरामद एक महिला व एक बालक के शव की न केवल पहचान करने में पुलिस को सफलता मिल गई है बल्कि दोनों की गला दबाकर हत्या करने के बाद कुएं में शव फेंकने के आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि 7 मई की शाम हरदुआ पड़खुरी से लगे खुशीलाल के खेत में स्थित सूखे कुंए से एक 25 वर्षीय महिला व एक 5 वर्षीय बालक का शव बरामद किया गया था। दोनों की शिनाख्त पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी। पुलिस ने शिनाख्तगी के प्रयास शुरू किए तो इसी बीच चिकित्सकों ने महिला व बालक की पीएम रिपोर्ट पुलिस को दी। जिसमें गला दबा कर दोनों की हत्या करने का उल्लेख था। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 302, 201 के तहत दर्ज करते हुए एसपी मयंक अवस्थी व एएसपी संदीप मिश्रा के दिशानिर्देश व एसडीओपी शिखा सोनी के मार्गदर्शन में मामले की जांच तेज कर दी। विजयराघवगढ़ टीआई सुधाकर बारस्कर अपनी टीम के साथ ग्राम पड़खुरी पहुंचे तो पता चला कि गांव के सुरेश पटेल के 3 लड़के हैं। तीनों की शादी नहीं हुई है, कुछ दिन पूर्व एक महिला व एक बच्चा आया था, पर वह नहीं दिख रहे हैं। इस महत्वपूर्ण जानकारी पर सुरेश पटेल व उसके तीनों लड़के लवकुश, संदीप व अरुण पटेल से पूछताछ की गई तो इन्होंने घटना करना स्वीकार कर लिया।

### हत्या के आरोप में ससुर, पति व देवर गिरफ्तार

महिला की पहचान रुचि उर्फ मोहनी निवासी ग्राम बनसठी थाना चौबेपुर जिला कानपुर उप्र के रूप में हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि 03-04 वर्ष पूर्व गांव के ही धर्मपाल रैदास के साथ भागकर सूरत चली गई थी। इस दौरान रूचि ने एक पुत्र को जन्म दिया। महिला रुचि से धर्मपाल शराब पीकर मारपीट करता था। इस कारण सूरत में ही रह रहे पड़खुरी निवासी लवकुश पटेल के सम्पर्क में आने पर वह बच्चे सहित उसके साथ रहने लगी थी। वहां लवकुश का छोटा भाई अरुण पटेल भी रहता था। अरुण का रूचि से बात-बात पर झगड़ा होने लगा था तो माह मार्च में वह सूरत से अपने घर पड़खुरी आ गया। 29 अप्रैल को लवकुश भी रुचि व लड़के को लेकर पड़खुरी आ गया। 2 मई को अरुण पटेल का रुचि के साथ विवाद हो गया तो अरुण ने पहले महिला की हत्या की बाद में बच्चे की हत्या कर दी। बाद में साक्ष्य छुपाने के लिये लवकुश संदीप एवं सुरेश ने मिल कर दोनों के शव को मोटर सायकल से ले जाकर कुएं में फेंक दिये तथा महिला व बच्चे के कपड़े पास ही खेत में ले जाकर जला दिये। प्रकरण में आरोपी सुरेश पटेल, लवकुश पटेल, संदीप पटेल व अरुण पटेल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।




# कल एक साथ मनेगी परशुराम जयंती, अक्षय तृतीया और ईद

## कोरोना संक्रमण के कारण गाइडलाइन के अनुसार घरों में ही रहेगा पर्व का उत्साह

**कटनी। मई का महीना खत्म होने में अब 18 दिन बचे हैं और कल 14 मई शुक्रवार धर्मों और त्योहारों के लिहाज से खास है। इस दिन अक्षय तृतीया होने के साथ ही परशुराम जयंती और मुस्लिम धर्मावलंबियों का प्रमुख पर्व ईद भी मनाया जाएगा। घर-घर में धार्मिक आयोजन होंगे। कोरोना संक्रमण के बीच विभिन्न संप्रदायों के लोग अपने-अपने तरीके से पूजा, इबादत और कोरोना मुक्ति की प्रार्थना करेंगे।**

वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीय तिथि को आखातीज के रूप में मनाया जाता है। ये दिन शुभ होता है। बड़ी तादाद में एकल व सामूहिक विवाह होते हैं। ये दिन उन लोगों के लिए बेहद खास है जिनके लग्न नहीं मिलते हैं। वे इस दिन विशेष मुहूर्त में शादी करते हैं। इधर भगवान परशुराम की जयंती हिंदू धर्मालुओं के लिए खास है। मंदिरों की सजावट के साथ ही पूजा-अर्चना व महाआरती होती है। वहीं ईद भी इस बार साथ में है। घरों में सेवइयां बनती है। सामूहिक रूप से समाजजन एक-दूसरे से मिलकर ईद की मुबारकबाद देते हैं। इसके साथ रमजान का समापन होता है लेकिन लोगों का यह उत्साह कोरोना महामारी के कारण फीका रहेगा। ना बाजारों में चहल-पहल होगी, ना मस्जिदों में नमाज, ना ही सामूहिक आयोजन। यह जरूर है कि लोग अपने-अपने घरों में रहते हुए कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए त्योहार की खुशियां मनाएंगे लेकिन वैवाहिक कार्यक्रम नहीं कर पाएंगे। विवाह समारोह की शुरुआत हो चुकी है। इसी महीने कई शादियां होना थीं। विशेषकर अक्षय तृतीया पर लेकिन इस बीच खरीदी नहीं होने से बाजार गुलजार नहीं हैं। ईद की खुशी मनाने के लिए बाजारों में जाकर लोग खरीदारी नहीं कर सकते। त्योहारों को लेकर व्यापारी भी उत्साहित रहते हैं। कोरोना के कारण एक तरफ बाजार बंद है, इधर लोग भी घरों में बंद हैं। अक्षय तृतीया व ईद पिटने से इस बार लाखों का नुकसान बाजार को हुआ है।

### लॉकडाउन का इन पर पड़ा ज्यादा असर

अक्षय तृतीया पर होने वाली शादियों से बैंडबाजे, साउंड सिस्टम, डीजे, टेंट, कैटरिंग, लाइटिंग, साज-सज्जा, वाहन समेत अन्य कारोबार से जुड़े सैकड़ों परिवारों की रोजी छीन गई है। शादी में इनकी भूमिका अहम होती है। हर वर्ग चाहे वह गरीब हो या अमीर, अपने स्तर पर इनका उपयोग करता है। रोजगार पाने वालों के लिए ये सीजन ही सबकुछ है। इसी से इन परिवारों को रोजगार मिलता है और घर खर्च चला पाते हैं। इस बार ये वर्ग काफी चिंतित है क्योंकि उनकी स्थिति पिछले साल जैसी ही हो गई है।

### शादियों में भीड़ जुटाने पर प्रतिबंध, होगी कार्रवाई

टोटल कर्फ्यू के चलते इस बार 17 मई तक हर तरह के आयोजनों पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया है। शादी विवाह तो हो सकते हैं लेकिन एकदम सीमित संख्या में ही विवाद में शामिल हो सकते हैं। इसके चलते अक्षय तृतीया (आखातीज) पर भी असर पड़ रहा है। लगातार प्रशासन विवाह समारोह आदि पर निगाहे बनाए हुए है। नियमों का उल्लंघन होने पर संबंधित पक्षों पर प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई हो रही है।



### घरों में होगी नमाज, महामारी से रक्षा की दुआएं

अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर कैस अहमद लिप्पू भाई ने बताया कि कल 14 मई शुक्रवार को ईद का त्योहार उमंग और उल्लास के साथ घरों में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के चलते मुस्लिम धर्मावलंबी घरों पर रहकर ईद की नमाज अदा करेंगे और कोरोना संक्रमण से पूरे देश को मुक्ति मिले, इसकी दुआएं की जाएंगी। मस्जिदों और ईदगाहों में राज्य सरकार की गाइडलाइन के अनुसार 5 व्यक्तियों के साथ ईद की नमाज अदा की जाएगी। लिप्पू भाई ने सभी को ईद की मुबारकबाद देते हुए कहा कि प्रोटोकॉल का पालन करते हुए ईद मनाएं।



### बच्चे घर पर ही करेंगे गुड्डा-गुड़ियों का ब्याह

कोरोना के कारण सारे त्योहारों की रौनक फीकी पड़ती नजर आ रही है, सिर्फ बच्चों का उत्साह है कि वे इन परिस्थितियों में भी हतोत्साहित नहीं हो रहे बल्कि अपनी जरूरतों के मुताबिक घर पर रहते हुए हर रोज कुछ नया कर रहे हैं। 14 मई को अक्षय तृतीया है। लाकडाउन है तो बच्चों को पुतरा-पुतरिया भी नहीं मिल पाएंगे। इसके लिए भी बच्चों ने जुगाड़ कर लिया है। उनका उत्साह वैसा ही है जैसा हर बार होता है। पुतरा-पुतरिया का ब्याह कराने के लिए वे घर पर ही उन्हें बना रहे हैं। इस दौरान वे घर पर पड़े वेस्ट से उन्हें सुंदर सजा रहे हैं। कोई कपड़े और फॉर्म से इन्हें बना रहा है तो कोई मिट्टी और क्ले से इन्हें सुंदर आकार दे रहे हैं। हालांकि ज्यादा तो नहीं कुछ तादाद में मिट्‌टी के पुतरा पुतरिया बाजार में मिल रहे हैं वहीं कुछ छोटे व्यापारी गली-मोहल्लों में भी फेरी लगाकर पुतरा-पुतरिया बेंच रहे हैं। बहरहाल बच्चे अक्षय तृतीय को लेकर बेहद खुश हैं।

### मई के महीने में अब तक मिले पॉजीटिव केस

| तारीख | पॉजीटिव |
|---|---|
| 01 मई | 110 |
| 02 मई | 190 |
| 03 मई | 138 |
| 04 मई | 140 |
| 05 मई | 132 |
| 06 मई | 173 |
| 07 मई | 137 |
| 08 मई | 101 |
| 09 मई | 97 |
| 10 मई | 112 |
| 11 मई | 105 |
| 12 मई | 69 |
| 13 मई | 96 |
| कुल पॉजीटिव केस | 8699 |

# आज भी 11 प्रतिशत रही संक्रमण की दर

## 830 सेम्पल की रिपोर्ट में 96 नए पॉजीटिव केस, 232 स्वस्थ

**कटनी।** कटनी जिले में कोरोना संक्रमण की दर आज भी 11 प्रतिशत के आसपास रही। पिछले कुछ दिनों से लगातार इसमे कमी देखने को मिल रही है। लॉकडाउन का एक महीना बीतने के बाद अब कटनी जिले को कोरोना संक्रमण से राहत मिलती हुई दिख रही है। जिले में 9 अप्रैल की शाम 6 बजे से लॉकडाउन लगाया गया था, जिसे बढ़ाते हुए आगामी 17 मई की सुबह 6 बजे तक किया गया है। लॉकडाउन के दौरान केवल अत्यावश्यक सेवाओं को छूट दी गई है। लोग घरों में है, जिसके चलते संक्रमण की दर में लगातार कमी आ रही है। पिछले 24 घंटे में जिले में 830 सेम्पल की रिपोर्ट में 96 नए पॉजीटिव केस मिले है। जिसमे मेडिकल कॉलेज जबलपुर से मिली 435 सेम्पल की रिपोर्ट में 65 और रेपिड एंटीजन टेस्ट की 397 सेम्पल की रिपोर्ट में 31 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। इस तरह आज जिले में संक्रमण की दर 11 प्रतिशत रही। मई के महीने में तीसरी बार 100 से कम पॉजीटिव केस मिलने से स्वास्थ्य विभाग ने राहत की सांस ली है। इसके पहले 9 मई को 97 और कल 12 मई को 69 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई थी।


श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333
प्रतिदिन उपलब्ध डॉ.बलदेव सिंह MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ
प्रतिदिन उपलब्ध डॉ. गगन सोनी BDS डेंटल सर्जन कटनी के सुप्रसिद्ध दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. अनुराग खरे D.ORTHO, DNB कटनी के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. कनिका अग्रवाल MBBS., DDV पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई त्वचा एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ मंगलवार, गुरुवार, शनिवार को उपलब्ध
डॉ. जाकिर हुसैन MBBS. MD. DM. मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ महिने के पहले रविवार को उपलब्ध
डॉ. अनिमेश गुप्ता MBBS. MD. DM. हृदय रोग विशेषज्ञ महिने के चौथे शनिवार को उपलब्ध
24/7 दवाईयॉं एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग
उपलब्ध विभाग | हेल्पलाईन नं.8982275111 | उपलब्ध सुविधायें
• मेडीसिन विभाग • हृदय रोग विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग • दंत रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग • त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
• शिशु रोग विभाग • मस्तिष्क रोग विभाग • ट्रामा विभाग • कैंसर विभाग • फिजियोथेरेपी विभाग • प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
• नार्मल डिलेवरी • सीजेरियन डिलेवरी • लेप्रोस्कोपिक सर्जरी • जनरल सर्जरी • आई.सी.यू. वार्ड
• सेमी. प्रायवेट वार्ड • जनरल वार्ड • मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर • हेयर ट्रांसप्लांट
भर्ती मरीजों के लिए नि:शुल्क भोजन की व्यवस्था
सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध


# शहर में रेपिड एंटीजन और ग्रामीण क्षेत्रों में आरटी पीसीआर से हो रही जांच

**कटनी।** जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने जानकारी देते हुए बताया कि कटनी जिले में रेपिड एंटीजन किट और आरटी पीसीआर दोनों की जांच की जा रही है। जिला चिकित्सालय में भर्ती होने वाले मरीजों के साथ ही जैन स्कूल स्थित कोविड जांच केन्द्र में आने वाले लोगों की रेपिड एंटीजन किट से जांच की जा रही है। इसके अलावा जिले के ग्रामीण अंचल क्षेत्रों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आरटी पीसीआर से जांच की जा रही है। डॉ. सिंघई ने बताया कि गांवों में संक्रमित व्यक्ति मिलने के बाद उस गांव में आरआरटी टीम भी पहुंच रही है और संक्रमित मरीजों के परिजनों और अन्य संदिग्ध व्यक्तियों के सेम्पल ले रही है। उन्होंने बताया कि जिले में औसतन हर दिन 800 लोगों की सेम्पलिंग की जा रही है। जिसमे मेडिकल कॉलेज 350-450 और रेपिड एंटीजन टेस्ट से 250-350 सेम्पल की जांच की जा रही है। जैन स्कूल में सेम्पलिंग के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि संक्रमण बढ़ने के बाद सेम्पलिंग भी बढ़ाई गई है।










स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)